दिशा पाटनी ने अब डांस से जीता फैन्स का दिल

फिल्म इंडस्ट्री में काफी कम वक्त में अपनी पहचान बनाने वाली ऐक्ट्रेस दिशा पाटनी अक्सर ही सोशल साइट्स पर अपनी तस्वीरें और विडियोज शेयर करती ही रहती हैं। हाल ही में उन्होंने एक डांस विडियो शेयर किया है। इसमें वह काफी स्टाइलिश तो दिख ही रही हैं। साथ ही उनके मूव्स भी शानदार नजर आ रहे हैं। बता दें कि दिशा पाटनी ने हाल ही में एक डांस विडियो शेयर किया है। जिसे अब तक लाखों फैन्स लाइक कर चुके हैं। इसमें उन्होंने अपनी कोरियॉग्रफर के साथ डांस करती नजर आ रही हैं। फैन्स ने भी उनके इस विडियो पर किलर डांस का कॉमेंट किया है। बता दें कि दिशा अपने काम को लेकर काफी पैशनेट हैं। अभी हाल ही में फिल्म मलंग की शूटिंग के दौरान उन्हें चोट लग गई थी। लेकिन वैनिटी वैन में इंजेक्शन लगने के बाद जैसे ही उन्हें राहत मिली उन्होंने दोबारा शूटिंग शुरू कर दी थी। दिशा की फिल्म मलंग में उनके अलावा आदित्य रॉय कपूर और अनिल कपूर भी शामिल हैं। यह फिल्म साल 2020 में 14 फरवरी को रिलीज होगी।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

टीवी से बॉलीवुड में जाने की पहले से कोई योजना नहीं थी : निकिता

अभिनेत्री निकिता दत्ता ने कहा कि टेलीविजन से बॉलीवुड में जाने की उनकी पहले से कोई योजना नहीं थी, ऐसा अपने आप ही हो गया।

निकिता ने एक बयान में कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो यह ऐसा कुछ नहीं है जिसकी योजना मैंने पहले से बना रखी थी। चार साल पहले जब मेरा पहला शो आया तब टीवी पर आने का भी मेरा कोई प्लान नहीं था।''

निकिता ने कहा, ''यह एक मौका था जिसे मैंने लेने का निश्चय किया। अब फिल्मों को करने के बारे में भी कुछ ऐसा ही है।'' 26 वर्षीय अभिनेत्री 'एक दूजे के वास्ते', 'हासिल' और 'लाल इश्क' जैसे टीवी शो में काम कर चुकीं हैं। फिल्मों की बात करें तो वह 'गोल्ड' में नजर आ चुकीं हैं और 'कबीर सिंह' में जिया शर्मा का किरदार निभाई है। इसमें वह एक ऐसी अभिनेत्री की भूमिका में हैं जिसे शाहिद कपूर के किरदार से प्यार हो जाता है। जब निकिता से पूछा गया कि इसके बाद वह क्या करेंगी, तो उन्होंने कहा, ''मैं अभी एक प्रोजेक्ट पर काम कर रही हूं जिसके बारे में मैं अभी बात नहीं कर सकती।''

लंबे समय बाद करिश्मा कपूर ने ब्लैक मोनोकीनी में शेयर की बोल्ड तस्वीर

करिश्मा कपूर अपने 45वें जन्मदिन पर मंगलवार को अपनी ऐसी सुपरहॉट तस्वीर फैंस के साथ शेयर की हैं जिसका सभी का को काफी समय से इंतजार था. काले मोनोकीनी में ली गई एक तस्वीर में अपनी उम्र को मात देती हुई नजर आईं. करिश्मा ने अपनी मां बबीता और बहन करीना के साथ लंदन में अपना जन्मदिन मनाया. साझा की हुई तस्वीर में करिश्मा पूल के किनारे एक पूल पर पोज देती नजर आ रही हैं. तस्वीर के कैप्शन में करिश्मा ने लिखा है, उम्र के हर पड़ाव में खुद से प्यार करें. वहीं सोशल मीडिया पर वायरल एक अन्य तस्वीर में वह अपने भतीजे तैमूर अली खान को अपने जन्मदिन का केक खिलाती दिख रही हैं. एक साक्षात्कार में अभिनेत्री ने मीडिया को बताया कि उन्होंने कुछ समय के लिए फिल्मों में काम नहीं करने का फैसला लिया, क्योंकि वह अपने बच्चों के साथ घर पर रहना चाहती थीं. हालांकि वह ओटीटी की परियोजना एएलटी बालाजी की मेंटलहूड में जल्द नजर आने वाली हैं.भले ही करिश्मा फ़िल्मी दुनिया से लम्बे समय से दूर हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर वो लगातार अपडेट रहती हैं. फिल्मों से दूरी बना लेने के सवाल पर हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में करिश्मा ने बताया कि उन्होंने कुछ समय के लिए फिल्मों में काम नहीं करने का फैसला लिया, क्योंकि वह अपने बच्चों के साथ घर पर रहना चाहती थीं. ऐसे में जब से इस खबर को करिश्मा के फैन्स ने सुना है तब ही से उनके बीच करिश्मा को एक बार फिर अभिनय करते हुए देखने की उत्सुकता छाई हुई है.